# Chatswood Public School और Chatswood High School पर अपग्रेड कार्य

**सूचना पैक** | जून 2021



Chatswood Public School केन्द्रीय स्थल का कलाकार द्वारा बनाया गया चित्र

NSW की सरकार पूरे NSW में समुदायों का समर्थन करने के लिए 200 से अधिक नए और अपग्रेड किए गए स्कूल उपलब्ध कराने हेतु अपना कार्यक्रम जारी रखते हुए अगले चार वर्षों में 7 बिलियन डॉलर की राशि का निवेश कर रही है। यह NSW के इतिहास में सरकारी शिक्षा की मूलभूत सुविधा में सबसे बड़ा निवेश है।

Chatswood Public School और Chatswood High School के अपग्रेड कार्य से निम्नलिखित प्रदान होगा:

- 150 से अधिक नए और नवीनीकृत किए शिक्षण और अध्यापन स्थल
- वर्तमान में दोनों स्कूलों को आवंटित गुणवत्तापूर्ण सक्रिय खेलकूद स्थल को बढ़ाए जाना
- विशेषज्ञ अध्यापन सुविधाएँ जैसे कि गणित, विज्ञान और विज़ुअल आर्ट कक्ष
- हाई स्कूल में समर्पित कला प्रदर्शन स्थल और संगीत कक्ष
- खेलकूद की नई सुविधाएँ और नए मनोरंजनात्मक क्षेत्र
- नई लाइब्रेरियाँ और प्रशासनीय सुविधाएँ
- मेकर स्पेस




NSW GOVERNMENT

# अनुमोदित डिज़ाइन

## Chatswood Public School

अनुमोदित डिज़ाइन NSW की सरकार के आर्किटेक्ट, स्कूल के प्रबंधकर्ताओं, स्कूली समुदायों और स्थानीय निवासियों के साथ सलाह-मशविरा करके विकसित किए गए हैं।

इमारतों को सक्रिय और निष्क्रिय खेलकूद के अवसरों को अधिक से अधिक करने, प्रत्येक स्कूल में सुलभता और संपर्कों को बेहतर बनाने तथा विरासत से जुड़े पहलुओं, पेड़ों तथा पक्षी जीवन को संरक्षित करने के लिए स्थित किया गया है।




### स्थल के नक्शे का विवरण

**नई इमारत P1**

- 7 मंज़िली इमारत
- सामान्य शिक्षण क्षेत्र
- स्पोर्ट युनिट
- छत्तदार बाहरी शिक्षण क्षेत्र (COLA) के 2 स्तर

**नई इमारत P2**

- 4 मंज़िली इमारत
- सामान्य शिक्षण क्षेत्र
- लाइब्रेरी
- कंटीन
- छत्तदार बाहरी शिक्षण क्षेत्र
- रूफटॉप खेलकूद स्थल

**नई इमारत G**

- 2 मंज़िली ऊँची इमारत
- हॉल
- स्कूली समय के पश्चात की देखभाल

**स्थल पर नया कार पार्क**

- Jenkins Street से प्रवेश
- इसके ऊपर स्पोर्ट्स कोर्ट
- स्पोर्ट युनिट की पार्किंग
- स्टॉफ पार्किंग

**स्थल पर लैंडस्केपिंग**

- श्रेणीबद्ध खेलकूद स्थल
- रूफटॉप खेलकूद स्थल
- छत्तदार बाहरी शिक्षण क्षेत्र (COLA)
- स्थल तक पहुँचने के मार्ग



Chatswood High School के केन्द्रीय बाहरी स्थल की कलाकार द्वारा तैयार छवि। इमारत S की ओर दक्षिण की तरफ देखते हुए।

## Chatswood High School




**राज्य**
**के लिए महत्वपूर्ण मुख्य विकास कार्य:**
नई इमारतें Q, S और T
**नवीनीकृत कार्य:** मौजूदा इमारतें H, J, K और M
**अनुपालन करने वाला विकास कार्य:** नई इमारत R

### स्कूल के नक्शे का विवरण

**नई इमारत Q**

- 4 मंज़िली इमारत
- सामान्य शिक्षण क्षेत्र
- कंटीन
- एडमिनिस्ट्रेशन / स्टॉफ स्टडी
- सीनियर लाइब्रेरी सुविधाएँ
- कंप्यूटर कक्ष
- साउंडहाउस
- संगीत कक्ष
- छत्तदार बाहरी शिक्षण क्षेत्र (COLA)

**नई इमारत S**

- 5 मंज़िली इमारत
- विज्ञान
- रचनात्मक और कला प्रदर्शन (CAPA)
- सामान्य शिक्षण क्षेत्र
- संगीत


**नई इमारत T**

- 2 मंज़िली ऊँचाई की इमारत
- हॉल
- प्रदर्शन स्थल

**नई इमारत R (अनुपालन करने वाला विकास कार्य)**

- 4 मंज़िली इमारत
- स्पोर्ट युनिट
- एकीकृत विज्ञान टैक्नोलोजी इंजीनियरिंग और गणित (iSTEM)

# परियोजना की समयसीमा



# परियोजना संबंधी अपडेट

नवम्बर 2020 में राज्य के लिए महत्वपूर्ण विकास कार्य (SSD) के आवेदन को अनुमति दिए जाने के बाद, परियोजना टीम दोनों स्कूलों को मुख्य कार्यों के निर्माण के लिए तैयार कर रही है।

Chatswood High School पर अस्थायी कक्षाएँ स्थापित की गए हैं और टर्म 1 2021 की शुरूआत से यहाँ पब्लिक स्कूल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों को समायोजित किया गया है। स्कूली समुदायों के लिए बाधा को कम से कम करने तथा संचालनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहला चरण है।

निर्माण पूर्व अनुपालन रिपोर्टिंग और निर्माण प्रबंधन योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया है और इन्हें School Infrastructure NSW प्रौजेक्ट के पेज़ पर देखा जा सकता है: www.schoolinfrastructure.nsw.gov.au/projects/c/chatswood-public-school-chatswood-high-school-upgrades.html

## Chatswood Public School

कक्षाएँ K-2 के विद्यार्थी और Multi-Categorical Support Unit, Bush Campus पर नई और मौजूदा अस्थायी कक्षाओं में स्थानांतरित हुए हैं।

कक्षाएँ 3-6 मौजूदा इमारतों A, B और D में Public School के मुख्य कैंपस पर स्थित हैं।

नई इमारतों P1 और P2 के निर्माण की तैयारी करने के लिए मुख्य कैंपस से कई अस्थायी कक्षाओं को हटाया गया है।

## Chatswood High School

Chatswood High School के विद्यार्थियों को मौजूदा इमारतों C, D और E से स्टॉफ कार पार्क, क्रिकेट नेट्स, स्पोर्ट्स कोर्ट और स्कूल के उत्तरी-पश्चिमी कोने में नव स्थापित अस्थायी कक्षाओं में स्थानांतरित किया गया है। इमारतों C, D और E को नई इमारत S (पृष्ठ 6 पर नक्शा देखें) का निर्माण करने के लिए स्थल बनाने हेतु जल्द ही गिरा दिया जाएगा।

इमारत R के निर्माण-कार्य की प्रगति टर्म 1 2022 के के शुरुआत में पूरा होने के लिए ठीक से चल रही है। भू तल की कंक्रीट स्लैब और पहली और दूसरी मंज़िल के सस्पैन्डिड स्लैब डाले गए हैं। मचान खड़ी की गई है और बाहरी फ्रेमिंग प्रगति में है।

# आगे क्या

टर्म 2 2021 के दौरान Chatswood High School और Chatswood Public School पर राज्य के लिए महत्वपूर्ण मुख्य विकास कार्यों के निर्माण के लिए स्थल की तैयारी शुरू की जाएगी।

यह परियोजना के लिए एक रोचक उपलब्धि है और एक ऐसा रोचक समय है जब दोनों स्कूलों का रूपांतरण आकार लेना शुरू करेगा।

विद्यार्थियों, कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा करने के लिए पूरे निर्माण-कार्य के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियाँ बरती जाएँगी।

स्कूल के प्रिंसिपलों और कॉन्ट्रैक्टरों के साथ साप्ताहिक तौर पर सलाह-मशविरों का करना जारी रखा जाएगा ताकि निर्माण-कार्य और संचालनात्मक आवश्यकताओं के बीच इंटरफ़ेस पर और साथ ही यह सुनिश्चित करने के चरणों पर चर्चा की जा सके कि सुरक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी जाती है और बाधा सीमित रखी जाती है।

# 2021 का निर्माण-कार्य कार्यक्रम

निर्माण प्रबंधन योजनाओं के नियोजन, उद्योग एवं पर्यावरण विभाग (Department of Planning, Industry and Environment) की आवश्यकताओं के साथ अनुपालन करने पर मुख्य कार्यों पर निर्माण जल्द ही शुरू होगा।

निर्माण कार्य शुरू होने से पहले, आसपड़ोस की संपत्तियों के जीर्ण-शीर्ण सर्वेक्षण और स्थल की तैयारी करने की ज़रूरत होगी।

प्रत्येक स्कूल के लिए आने वाली प्रत्याशित निर्माण गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण आप निम्नलिखित पेज़ पर पा सकते/सकती हैं।




Chatswood Public School के केन्द्रीय बाहरी स्थल की कलाकार द्वारा तैयार छवि।

## Chatswood Public School (नक्शा 1 देखें)

### स्थल को तैयार करना (टर्म 2 2021):

- इमारत P1 और P2 के कार्य क्षेत्र के आसपास विज्ञापन बोर्ड स्थापित करना। इसमें निम्न स्तरों, एस्ट्रोटर्फ और स्टॉफ कार पार्क के आसपास विज्ञापन बोर्ड स्थापित करना शामिल है। विज्ञापन बोर्ड प्रत्येक छत्तदार बाहरी शिक्षण क्षेत्र (COLA) के अनुभाग को भी हटाएगा। हम विद्यार्थी के कल्याण के लिए खेलकूद के स्थान की महत्ता से अवगत हैं। विद्यार्थी प्रतिनिधि समिति के साथ सलाह-मशविरे के बाद, स्कूल अतिरिक्त गतिविधियाँ स्थापित करेगा जिनमें विद्यार्थी विराम अवधियों के दौरान भाग ले पाएँगे। प्रिंसिपल जल्द ही स्कूली समुदाय के साथ विद्यार्थी की प्राथमिकताओं को साझा करने के लिए तत्पर हैं।
- Pacific Highway पर गाड़ी प्रवेश बंद करना ताकि ड्राइव वे और कार पार्क को प्राथमिक निर्माण कार्य प्रवेश द्वारा के तौर पर तैयार किया जाए। मौजूदा कार पार्क पर एक टर्नटेबल का निर्माण किया जाएगा ताकि निर्माण कार्य से जुड़ी गाड़ियाँ मुड़ सकें और सुरक्षित रूप से अग्रिम दिशा में निकास कर सकें।
- Jenkins Street से गाड़ी के प्रवेश को बंद करके इसे केवल निर्माण कार्य से जुड़ी गाड़ियों के प्रयोग के लिए रहने देना।
- मौजूदा स्टॉफ कार पार्क में स्थल सुविधाएँ स्थापित करना।
- सभी अन्य पदयात्री गेट अप्रभावित रहेंगे।
- Department of Planning, Industry and Environment द्वारा अनुमोदित तरीके के अनुसार कार्य क्षेत्र से पेड़ों का हटाया जाना।


### मौजूदा इमारत I को गिराए जाना (टर्म 2 और टर्म 3 2021):

- काम के क्षेत्र के आसपास बाड़ लगाई जानी।
- पुन:प्रयोज्य सामग्री को हटाए जाना।
- सेवा को डिसकनेक्ट करके री-राउट करना।
- मौजूदा इमारत I को गिराने के लिए उत्खनकों और बुलडोजर जैसी भारी मशीनरी का प्रयोग करना।

### नई इमारत P1, P2 और कार पार्क का निर्माण-कार्य (टर्म 3 2021 से)।

---

### नक्शा 1 – Chatswood Public School का संकेतात्मक नक्शा



## Chatswood High School

### स्थल को तैयार करना (टर्म 2 2021):

- इमारत S के कार्य क्षेत्र के आसपास (मौजूदा इमारतें C, D और E) विज्ञापन बोर्ड लगाना।
- De Villiers Avenue स्टॉफ कार पार्क प्रवेश को बंद करके इसे केवल निर्माण-कार्य से जुड़ी गाड़ियों के लिए प्रयोग करना। निर्माण-कार्य से जुड़ी गाड़ियाँ अग्रिम दिशा में प्रवेश और निकास करेंगी।
- इमारत S के कार्य क्षेत्र के भीतर स्थल सुविधाएँ स्थापित करना।
- Department of Planning, Industry and Environment द्वारा अनुमोदित तरीके के अनुसार कार्य क्षेत्र से पेड़ों का हटाया जाना।


### मौजूदा इमारतों C, D और E को गिराए जाना (टर्म 2 और टर्म 3 2021):

- पुन:प्रयोज्य सामग्री को हटाए जाना।
- सेवा को डिसकनेक्ट करके री-राउट करना।
- Department of Education की एस्बेस्टस प्रबंधनीय योजना और SafeWork NSW की आवश्यकताओं के अनुसार एस्बेस्टस वाली सामग्री का आकलन, निष्कासन और निपटान। इस काम के शुरू होने से पहले अग्रिम तौर पर समुदाय को इसकी सूचना दी जाएगी।
- मौजूदा इमारत I को गिराने के लिए उत्खनकों और बुलडोजर जैसी भारी मशीनरी का प्रयोग करना।

**नई इमारत S का निर्माण कार्य (टर्म 3 2021) से।**

**नई इमारत R का निर्माण कार्य (2022 की शुरुआत में समाप्त होने का अनुमान)।**

## नक्शा 2 - Chatswood High School



# निर्माण प्रबंधन

School Infrastructure NSW आने वाले कार्यों और संभावित निर्माण-कार्य प्रभावों की सूचना आपको देना जारी रखेगा।

ये कार्य निर्माण प्रबंधन योजनाओं के अनुसार होंगे जिन्हें Department of Planning, Industry and Environment की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया गया है और जो इन आवश्यकताओं का अनुपालन करती हैं।

## निर्माण कार्य के घंटे

7 जून 2021 से, निर्माण-कार्य के दिन और घंटे परिवर्तित होकर विकास सहमति की शर्तों में निर्धारित अनुसार हो जाएँगे। यह COVID-19 विकास – निर्माण कार्य के दिनों के आदेश 2020 को वापिस लिए जाने के कारण है। निर्माण-कार्य सोमवार से शुक्रवार सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे के बीच और शनिवार को सुबह 8:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 बजे के बीच किया जाएगा। रविवार या सार्वजनिक अवकाश के दिन कोई काम नहीं होगा बशर्ते कि इसकी सूचना दी जाए।

## सुरक्षा

School Infrastructure NSW यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि काम सुरक्षापूर्वक और कुशलतापूर्वक तथा स्थानीय समुदाय पर न्यूनतम प्रभाव पड़ने के साथ पूरा किया जाता है।

कार्य की अवधि के लिए कड़े सुरक्षा और सिक्योरिटी उपाय स्थापित किए जाएँगे। इसमें निर्माण क्षेत्र पर बाड़ लगाई जानी और निगरानी प्रणालियाँ स्थापित किया जाना शामिल है। कर्मचारियों या विद्यार्थियों को निर्माण क्षेत्र पर कोई पहुँच नहीं होगी।

निर्माण कार्य की प्रगति की चर्चा करने के लिए परियोजना टीम नियमित तौर पर प्रत्येक स्कूल के साथ सलाह-मशविरा करती है। सभी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, पड़ोसियों और समुदाय का स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है।

## यातायात और पार्किंग

सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और समुदाय के लिए बाधा को कम से कम करने के लिए निर्माण-कार्य के दौरान उपायों को दर्शाने हेतु एक निर्माण यातायात और पदयात्री प्रबंधन योजना तैयार की गई है। यह योजना हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसमें शामिल है, जैसे कि, निर्माण कार्य से जुड़ी गाड़ियों का आना-जाना, मौजूदा स्ट्रीट संकेतकों में संभावी संशोधन और यातायात नियंत्रण कार्यविधियाँ।

कई न्यूनीकरण कार्यनीतियों के द्वारा स्थानीय समुदाय को आने वाली बाधा को कम से कम किया जाएगा, इन कार्यनीतियों में शामिल हैं:

- निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारियों को स्थल तक पहुँचने के लिए Chatswood इंटरचेंज़ का प्रयोग करने के लिए बढ़ावा दिया जाना
- स्थल की सीमा के अंतर्गत जहाँ संभव हो निर्माण-कार्य की सामग्री का आना-जाना
- जहाँ आवश्यक हो, ट्रैफिक कंट्रोलरों को नियुक्त किया जाना

## शोर-शराबा और धूल

स्थल पर शोर-शराबे के स्तरों का प्रबंधन निर्माण-कार्य और गिरावट-कार्यों के लिए EPA के पर्यावरणीय शोर नियंत्रण मैनुएल में दर्शाए गए शोर नियंत्रण दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

निर्माण अवधि के दौरान शोर-शराबे को जितना श्रेष्ठ संभव हो सकेगा, उतना कम से कम रखा जाएगा। हम स्थानीय समुदाय को काम का अग्रिम नोटिस देंगे, विशेषकर जब हमें बहुत अधिक शोर-शराबा करने वाला काम किए जाने की प्रत्याशा हो।

गिराने के कार्य और निर्माण-कार्य के फलस्वरूप आने वाली धूल को आवश्यकतानुसार पानी छिड़क कर हटाया जाएगा।



Chatswood High School की कलाकार द्वारा तैयार छवि। इमारत Q से उत्तर-पश्चिम की ओर देखते हुए।



पूरे NSW में हमारे द्वारा निर्माण किए जाने वाले सुविधा-केंद्रों की एक उदाहरण

## और अधिक जानकारी के लिए

Chatswood Public School और Chatswood High School पर होने वाले अपग्रेड कार्य के बारे में जानने हेतु समय निकालने के लिए आपका धन्यवाद।

इस काम के प्रकार और पैमाने के कारण, हम यह स्वीकार करते हैं कि विद्यार्थियों, कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय को निर्माण-कार्य के दौरान कुछ बाधा आएगी।

इस बाधा को जितना अच्छे से कम से कम किया जा सके, वह करने के लिए हम मिलकर काम करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

हम आपके धैर्य और समझबूझ की सराहना करते हैं जबकि हम इस महत्वपूर्ण स्कूली मूलभूत सुविधा से जुड़े कार्य को आगे बढ़ाते हैं।

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा के लिए, **131 450** पर फोन करके उन्हें Department of Education - School Infrastructure NSW को **1300 482 651** पर फोन करने के लिए कहें।

## सूचित रहें

**वेबसाइट**
School Infrastructure NSW की वेबसाइट पर जाकर नवीन जानकारी रखें
**schoolinfrastructure.nsw.gov.au**

**ई-मेल**
Community Engagement टीम को ईमेल करके संपर्क करें
**schoolinfrastructure@det.nsw.edu.au**

**फोन**
सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक हमें **1300 482 651** पर संपर्क करें



NSW GOVERNMENT